Denim Developers Limited
PAN : AADCD5070B
GSTIN : 08AADCD5070B2Z1
CIN : L36101RJ1969PLC076649

Date: August 22, 2026

To,
Listing Department,
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
205(A), 2nd floor, Piramal Agastya Corporate Park
Kamani Junction, LBS Road, Kurla (West),
Mumbai, Maharashtra, India, 400070

Dear Sir/Ma'am,

Sub: Intimation of Newspaper Advertisement regarding Notice of 56th Annual General Meeting of the Company.

Ref: Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")

We submit herewith copies of the newspaper advertisement published by the Company in The Indian Express (English) and Jannayak (Hindi) on August 22, 2026, regarding the notice of the 56th Annual General Meeting ("AGM") of the Company scheduled to be held on Tuesday, September 15, 2026 at 11:00 A.M. (IST) through Physical Mode at C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar, Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan, along with e-voting information, in compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations.

The above may also be accessed on website of the Bank at following link: https://www.denimdevelopersltd.com/disclosure.html

This is for your information and records.

Thanking You,
For Denim Developers Limited

ALKA
KATARIYA

Alka Katariya
Company Secretary & Compliance Officer
Membership No. : A66300

Encl.: As Above

+91-73000 83921
denimdeveloperslimited3@gmail.com
www.denimdevelopersltd.com

Regd. & Corp. Office:
C-15, H-1, 1st Floor, IC Block, Chandrashekhar Affordable Awasiya Yojna, Industrial Estate, Kota - 324003, Rajasthan

गाजरघास उन्मूलन के लिए कृषि अनुसंधान केन्द्र में अभियान



जननायक संवाददाता

कोटा। कृषि अनुसंधान केन्द्र में 19 से 22 अगस्त तक 21वां गाजरघास (पार्थेनियम) उन्मूलन एवं जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ. बीएस मीणा के मार्गदर्शन में वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों ने अभियान में सहभागिता की। डॉ. मीणा ने बताया कि गाजरघास फसलों की उत्पादकता प्रभावित करने के साथ मानव-पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। समय पर उन्मूलन व नियमित निगरानी से इसके प्रसार को रोका जा सकता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीएल ढाका ने कृषि, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए समयबद्ध नियंत्रण को आवश्यक बताया। इस दौरान केन्द्र परिसर से गाजरघास हटाया गया और नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने भाग लेकर गाजरघास मुक्त परिसर और सामूहिक जागरूकता का संदेश दिया।

विद्यार्थियों को दिलाई मतदाता शपथ



जननायक संवाददाता

कोटा। राजकीय कला महाविद्यालय में स्वीप एवं ईएलसी क्लब की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर दीपा चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व और मतदाता की जिम्मेदारी बताते हुए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं। विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपना नाम मतदाता सूची में बीएलओ अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से जुड़वाएं। मतदाता क्लब के विवेक मिश्र ने बताया कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का मत समान महत्व रखता है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाता फार्म-6 भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए जन्मतिथि प्रमाण पत्र और आवास का पता जरूरी है।

दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार बाइक चोर गिरोह का सदस्य

चोरी की तीन बाइक बरामद

कोटा। देवली मांझी थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे और निशानदेही से चोरी की तीन बाइक बरामद की हैं।

एसपी ग्रामीण सुजीत शंकर ने बताया कि 20 अगस्त को झालावाड़ जिले के अकावत कलां निवासी करण सिंह ने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार 16 अगस्त को उसने अपनी बाइक चौमेश्वर महादेव मंदिर के बाहर खड़ी की थी और दर्शन करने अंदर चला गया। वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गया था।

मामला दर्ज होने के बाद बाइक चोर की तलाश के लिए एएसपी रामकल्याण मीणा और सीओ नरेंद्र जैन के निर्देशन में थानाधिकारी गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की।

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का खुलासा करते हुए झालावाड़ जिले के पखराना निवासी गौतम मोग्या (19) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी के कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी की घटनाओं के बारे में जानकारी जुटा रही है।

हादसों में वृद्ध समेत तीन घायल, करंट से युवक झुलसा

जननायक संवाददाता

कोटा। विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग हादसों में वृद्ध समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र के आनंद विहार डडवाड़ा निवासी हरिश शर्मा (50) पुत्र मुरलीधर घर पर पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गए। वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र के बाबू बस्ती कुन्हाड़ी निवासी बालकिशन (40) पुत्र गोपाल लाल रामपुरा में एक दुकान पर फिसलकर गिरने से घायल हो गए। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के केशव नगर निवासी ओमप्रकाश (75) पुत्र मदनलाल अग्रवाल भी घर पर पैर फिसलने से घायल हो गए। तीनों को परिजनों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया।

करंट से युवक घायल

आरकेपुरम थाना क्षेत्र के रोजड़ी निवासी मुकेश (44) पुत्र किशनलाल खटीक घर पर बिजली का काम कर रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया।

मारपीट में वृद्ध घायल

बूंदी जिले के दबलाना थाना क्षेत्र के बालपुरा आलोद निवासी सगीर मोहम्मद (67) पुत्र दूल्हे खां खेत पर पड़ोसी खेत मालिक द्वारा की गई मारपीट में घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें भी उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया।

महिलाओं ने किया पौधारोपण

कोटा। श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच की ओर से सावन माह पार्टी एवं पौधारोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आपसी स्नेह, सौहार्द एवं सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। महिलाओं ने घर से लाए स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में सहभागिता कर आयोजन को यादगार बनाया। मंच अध्यक्ष पल्लवी गुप्ता एवं सचिव नम्रता चित्तौड़ा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग और पर्यावरण चेतना को मजबूत करते हैं। उपस्थित महिलाओं ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया।

कांग्रेस और भाजपा कार्यालयों में टिकट के दावेदारों की उमड़ रही भीड़

दिग्गजों के साथ नए चेहरे भी आ रहे नजर

जननायक संवाददाता

कोटा। नगर निगम चुनावों की घोषणा के साथ ही सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यालयों में टिकट पाने की होड़ मची हुई है। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू होते ही दोनों ही प्रमुख दलों के दफ्तरों में आवेदन पत्र लेने और उन्हें जमा कराने वाले कार्यकर्ताओं व नेताओं का मेला लगा हुआ है। पार्षद पद के चुनाव के लिए जहां कई पुराने और अनुभवी चेहरे एक बार फिर अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी में हैं, वहीं बड़ी संख्या में युवा और नए चेहरे भी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

कांग्रेस में आवेदनों की बहार

कांग्रेस खेमे में चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।



जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने बताया कि पार्टी कार्यालय में सुबह से ही टिकट चाहने वालों का तांता लग जाता है। अब तक कांग्रेस कार्यालय से करीब 602 आवेदन फॉर्म दिए जा चुके हैं। इनमें से 300 से अधिक उम्मीदवारों ने अपने पूरे बायोडाटा और समर्थकों के हस्ताक्षरों के साथ फॉर्म भरकर जमा भी करा दिए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि आवेदनों की जांच प्रक्रिया शुरू की जा रही है और केवल उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो तय सीट के लिए व अपने-अपने वार्ड में मजबूत जनाधार रखते हों।

भाजपा में भी दावेदारों का जमावड़ा

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में भी चुनावी गहमागहमी चरम पर है। भाजपा से चुनाव लड़ने के लिए कार्यकर्ताओं में होड़ मची हुई है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन के अनुसार अब तक 250 से अधिक आवेदन पत्र जमा हो चुके हैं। संगठन के अनुसार, पार्टी हर वार्ड में जीत दर्ज करने वाले मजबूत प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेगी। कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है और टिकट पाने के लिए विभिन्न गुटों के नेता अपनी-अपनी वरिष्ठता और साख दिखाने में लगे हैं।

पुराने दिग्गजों के साथ नए चेहरों में भी उत्साह

इस बार के निगम चुनाव में मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। जहां महापौर सीट ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हैं। ऐसे में महिलाओं में भी गजब का उत्साह नजर आ रहा है। मतदाताओं की भी पूरी निगाह महापौर सीट पर ही टिकी हुई है। एक तरफ जहां पूर्व में पार्षद रह चुके पुराने चेहरे और वार्डों के दिग्गज नेता अपनी सीटों पर दोबारा कब्जा जमाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कई नए और युवा चेहरे भी इस चुनावी दंगल में उतरने के लिए तत्पर दिख रहे हैं। पार्टी नेतृत्व के लिए पुराने और नए चेहरों के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

वहीं एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने तो साफ कहा है कि आवेदन तो मन बहलाने का जरिया है, 80 प्रतिशत सीटों पर प्रत्याशी पहले से तय होते हैं। हां 20 प्रतिशत में उठापटक होती है। वहां भी जिताऊ प्रत्याशी ही देखा जाता है।

वेष नहीं, गुण और आचरण से करें सद्गुरु की पहचान : मुनि योगसागर

जननायक संवाददाता

कोटा। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पुण्योदय अतिशय क्षेत्र, नसियां जी, दादाबाड़ी में मुनि योगसागर महाराज ने रत्नकरण्ड श्रावकाचार के 24वें श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि गुरु का चयन आत्मकल्याण की दिशा निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने गुरुमूढ़ता से सावधान करते हुए मिथ्यावेषधारी कुगुरुओं की संगति और पूजा से बचने का संदेश दिया है।

चातुर्मास मुख्य संयोजक हुकम काका ने बताया कि मुनिश्री ने कहा कि जो स्वयं संसाररूपी भंवर से बाहर नहीं निकला, वह दूसरों को मुक्ति का मार्ग कैसे दिखा सकता है। केवल बाहरी वेष, आडंबर, चमत्कार अथवा प्रभावशाली व्यक्तित्व किसी को सदुरु नहीं बनाते। सच्चा गुरु वही है, जो राग-द्वेष, परिग्रह और मोह से



ऊपर उठकर संयम, अहिंसा, समता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे।

मुनिश्री ने कहा कि कुगुरुओं को पूज्य मानना और उनके मिथ्या आचरण को धर्म समझ लेना ही गुरुमूढ़ता है। इससे सम्यग्दर्शन मलिन होकर व्यक्ति सत्य धर्म से विमुख हो सकता है। गुरु की पहचान उनके गुण, आचरण, संयम, ज्ञान, वैराग्य और आत्मनिष्ठा से करनी चाहिए।

उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि श्रद्धा के साथ विवेक भी आवश्यक है। केवल भीड़ का अनुसरण करते हुए किसी को गुरु मानना उचित नहीं। जिनवाणी, तत्त्वज्ञान और विवेक के आधार पर जीवन की दिशा निर्धारित करनी चाहिए। सदुरु का सान्निध्य आत्मचिंतन, संयम और वैराग्य की प्रेरणा देता है।

अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने पुण्यार्जन किया। कलश स्थापना, शांतिधारा, श्रावक श्रेष्ठी, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, शास्त्र भेंट एवं भक्तामर विधान सहित कई धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

आचार्य महेंद्र मुनि ने निंदा त्यागने का दिया संदेश

जननायक संवाददाता

कोटा। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, रामपुरा के तत्वावधान में चातुर्मास तप, त्याग और साधना के साथ निरंतर चल रहा है। शुक्रवार को आचार्य महेंद्र मुनि म.सा. का 73वां जन्म दिवस श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। संतों ने आचार्यश्री के त्याग, तपस्या, करुणा, सेवा और साधना का स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

योगेश मुनि म.सा. ने कहा कि लोकप्रिय बनने के लिए सबसे पहले निंदा का त्याग करना जरूरी है। दूसरों के छोटे गुणों को भी बड़ा मानकर उनकी अनुमोदना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी दृष्टि जैसी होती है, वैसा ही प्रभाव व्यक्तित्व पर पड़ता है। दूसरों में गुण देखने से सकारात्मकता बढ़ती है, जबकि दोष-दृष्टि स्वभाव का हिस्सा बन जाती है।

जितेंद्र मुनि म.सा. ने कहा कि जन्म होता है मर जाने के लिए, जबकि जीवन कुछ कर जाने के लिए है।

मनुष्य जीवन दुर्लभ है, इसलिए इसे धर्म, संयम और मानव सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने आचार्य महेंद्र मुनि के ज्ञान, दर्शन और चरित्र की सराहना की तथा सावधानी और विवेक को जीवन की सफलता का आधार बताया।

नंदीषेण मुनि म.सा. ने आचार्यश्री को सरलता, करुणा, तपस्या, त्याग और सेवा की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि छोटी असावधानी भी बड़ी भूल का कारण बन सकती है, इसलिए जीवन में जागरूकता और संयम आवश्यक है।

संघ अध्यक्ष पंकज मेहता ने बताया कि श्रद्धालु प्रवचनों से त्याग, दान, संयम और आत्मकल्याण की प्रेरणा ले रहे हैं। मंत्री अनिल दक ने कहा कि धर्मसभा में नियमित प्रवचन जारी हैं।

गुर्जर गौड़ महासभा की बैठक में महाधिवेशन की तैयारियों पर मंथन

कोटा। अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंज बिहारी गौतम की अध्यक्षता में प्रदेश, संभाग एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक तिलक स्कूल महावीर नगर विस्तार के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में 6 सितंबर को जोधपुर में होने वाले अखिल भारतीय महाधिवेशन में कोटा से अधिक से अधिक समाजबंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

संभागीय अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. बद्री प्रसाद गौतम ने महाधिवेशन की तैयारियों और बैठक के एजेंडे पर विचार रखे। चर्चा के बाद तय किया गया कि कोटा से समाजबंधु 5 सितंबर की रात 8 बजे बसों से महर्षि गौतम सामुदायिक छात्रावास भूखंड, श्रीनाथपुरम से जोधपुर के लिए रवाना होंगे। गिर्राज प्रसाद गौतम ने कोटा संभाग के समाजबंधुओं से अधिक संख्या में महाधिवेशन में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, तीन घायल

जननायक संवाददाता

कोटा। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में ट्रैक्टर और ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, अन्य दुर्घटनाओं में एक वृद्ध सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने संबंधित मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

बूढ़ादीत थाना क्षेत्र में सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के झोपड़िया निवासी विशाल (19) पुत्र छोटूलाल मीणा गुरुवार को खेत पर जुताई करने गया था। जुताई के बाद वह गांव के विनोद कुमार के ट्रैक्टर पर बैठकर घर लौट रहा था। आरोप है कि ट्रैक्टर तेज गति से चलाया जा रहा था। रास्ते में विशाल उछलकर नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का पहिया उसे कुचलता हुआ निकल गया। गंभीर घायल विशाल को परिजन सुल्तानपुर अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर कोटा एमबीएस अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।



मृतक विशाल मीणा

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बूंदी जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार हुकुमचंद (42) पुत्र श्याम बिहारी निवासी रेलवे स्टेशन तालेड़ा की मौत हो गई। वह शाम करीब चार बजे बाइक से बूंदी से हिंडोली जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। बूंदी अस्पताल से उसे कोटा एमबीएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



मृतक हुकुमचंद

सड़क निर्माण में अनियमितता मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश

जननायक संवाददाता

कोटा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा स्पेशल यूनिट ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रतापगढ़ जिले की पीपलखूंट तहसील में निर्मित सड़कों में अनियमितता, घटिया सामग्री के उपयोग और निर्माण पूरा होने से पहले भुगतान के मामले में अनुसंधान पूरा कर चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया है।

एसीबी कोटा स्पेशल यूनिट के एएसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर 19 जुलाई 2013 को लेवापाड़ा, हीरापाड़ा एवं कोलोनी जापा संपर्क सड़कों का निरीक्षण किया गया था। अनुसंधान में तीनों सड़कों के निर्माण कार्य में मौके पर 11 लाख 78 हजार 752 रुपए का कार्य कम पाया गया।

प्रकरण संख्या 503/2013 में आरोपियों को 18 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था।

शुक्रवार को ओमप्रकाश मीणा, उप महानिरीक्षक पुलिस एसीबी कोटा रेंज के निर्देशन में चार आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र विशिष्ट न्यायाधीश एवं सेशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, प्रतापगढ़ में पेश किया गया।

आरोप पत्र तत्कालीन एक्सईएन गुण नियंत्रण प्रतापगढ़ सायरगल गीणा, तत्कालीन एक्सईएन गुण नियंत्रण बांसवाड़ा एन.एल. परमार, तत्कालीन एक्सईएन सानिवि द्वितीय प्रतापगढ़ गिरधारी लाल तथा मेसर्स जयबाबा कंस्ट्रक्शन कम्पनी जयपुर के प्रोपराइटर विनोद केडिया के खिलाफ पेश किया गया है। एसीबी ने मामले में जांच के दौरान सामने आए तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई की।

DENIM DEVELOPERS LIMITED
Registered office: C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota, RAJASTHAN, 324003
CIN: L36101RJ1969PLC076649, Phone No. +91 73000 83921
Email: denimdeveloperslimited3@gmail.com
Website: www.denimdevelopersltd.com,

Notice of 56th Annual General Meeting and Remote E-Voting Information

Notice is hereby given that the 56th Annual General Meeting ("AGM") of the Members of Denim Developers Limited ("the Company") is scheduled to be held on Tuesday, September15, 2026 at 11:00 A.M. (IST) through Physical Mode at C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar, Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota- 324003, Rajasthan, to transact the ordinary and special business as set out in the notice, in Compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder, the applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations").
The electronic copies of the Notice of the 56th AGM along with explanatory statement, Integrated Annual Report for the FY 2025-26 including the Audited Financial Statement for the Financial Year ended March 31, 2026 have been sent to all the members on Friday, August 21, 2026, whose e-mail IDs are registered with the Company/Depository Participant (s). The requirements of sending physical copy of the Notice of 56th AGM and Integrated Annual Report to the Members have been dispensed with vide applicable MCA and SEBI Circulars. A letter providing the web link including the exact path, for accessing the Integrated Annual report will be sent to those members who have not registered their email address.
The said documents are also available on the website of the Company at https://www.denimdevelopersltd.com/ and at the website of Stock Exchange i.e. MSEI limited at www.msei.in. and website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) at www.evotingindia.com.
Members holding shares as on the cut-off date i.e. Tuesday, September 08, 2026 may cast their vote electronically on the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of 56th AGM through electronic voting system of CDSL.
All the members are informed that:
i. the instructions for attending the 56th AGM and the manner of participation in the remote electronic voting and casting vote through the e-voting system during the AGM are provided in the Notice of the 56th AGM.
ii. the remote e-voting shall commence on Friday, September 11, 2026 at 09:00 a.m. (IST) and end on Monday, September 14, 2026 at 05:00 p.m. (IST).
iii. the remote e-voting module shall be disabled by CDSL after the aforesaid date and time for voting. Once the vote on resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.
iv. any person, who becomes Member of the Company after dispatch of the Notice of the 56th AGM by email and holding shares as on cut-off date, may obtain login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com. However, if already registered with CDSL for remote e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.
v. the Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the 56th AGM may participate in the AGM through physical Mode but shall not be entitled to cast their vote again through the e-voting system during the AGM.
vi. the Members participating in the 56th AGM and who had not cast their vote by remote e-voting, shall be entitled to cast their vote through e-Voting system during the AGM.
vii. In case of any queries connected with the e-voting facility, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section at www.evotingindia.com
All communication/queries in this respect should be addressed to our CDSL, to its email address at helpdesk.evoting@cdslindia.com.
Place: Kota
Date: August 21, 2026
For Denim Developers Limited
Sd/-
Alka Katariya
Company Secretary & Compliance Officer
Membership No.: A66300

कोटा मंडी, किराना व सर्राफा बाजार भाव

सोयाबीन व सरसों के भावों में मंदी

जननायक संवाददाता

कोटा। भामाशाहमंडी में शुक्रवार को 12 हजार कट्टे कृषि जिंस की आवक हुई। सोयाबीन 200, सरसों 100 रुपए मंदी रही। लहसुन की आवक 9000 कट्टे रही। लहसुन 5000 से 2000 रुपए प्रति क्विंटल बिका। किराना बाजार में भाव स्थिर रहे।

भाव: गेहूं नया मील लस्टर 2500 से 2620, गेहूं एवरेज टुकड़ी 2620 से 2670, बेस्ट टुकड़ी 2670 से 2775, धान सुंगधा 2800 से 3601, धान (1509) 3500 से 4100, धान (1847) 3200 से 4201, धान (1718-1885) 3800 से 4600, धान दागी 1500 से 3300, सोयाबीन 5500 से 6000, सोयाबीन बेस्ट क्वालिटी 6000 से 6250, सरसों 7200 से 8051, अलसी 8000 से 8950, ज्वार शंकर 1700 से 2300, ज्वार सफेद 2800 से 6000, बाजरा 1800 से 2250, मक्का लाल 2000 से 2300, मक्का सफेद 2000 से 2300, जौ 2300 से 2650, तिल्ली 7000 से 10500, मैथी 5800 से 6600, धनिया बादामी 13500 से 14200, धनिया ईगल 13800 से 14500, धनिया रंगदार 14500 से 16000, मूंग 5500 से 7100, उड़द 4500 से 7000, चना देशी 5500 से 5961, चना मौसमी 5300 से 5850, चना



पेप्सी 5300 से 5851, चना डंकी 4000 से 4600, चना काबुली 5500 से 7000 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

खाद्य तेल भाव: (15 किलो प्रति टिन) सोया रिफाइंड फॉर्च्यून 2635, चम्बल 2590, सदाबहार 2485, लोकल 23350, दीप ज्योति 2500, सरसों स्वास्तिक 2965, अलसी 2725 रुपए प्रति टिन।

मूंगफली: ट्रक 3280, कोटा स्वास्तिक 2930, सोना सिक्का 3130 रुपए प्रति टिन।

देसी घी: मिल्क फूड 9400, कोटा फ्रेश 9100, पारस 9,600, नोवा 9,300, अमूल 10,600, मधुसूदन 9,900, अंजनी 9400, हरिहंत 9,600, गोवर्धन (10 किग्रा) 8,300, प्रभात 10,600 रुपए प्रतिटिन।

वनस्पति घी: स्कूटर 2190 अशोका 2190 रुपए प्रतिटिन।

चीनी: 6650 से 6720 प्रति क्विंटल।

चावल व दाल: बासमती चावल 7000-8000, पौना 5500-6500, डबल टुकड़ी 3400-4200, टुकड़ी 3000-3200, गोल्डन बासमती साबुत 6500-10200, पौना 5500-6200, डबल टुकड़ी 3200-3600, कणी 2800-3200, तुअर 10000-13000, मूंग 10000-11000, मूंग मोगर 10000-11000, उड़द 10000-11000, उड़द मोगर 10000-12000, मसूर 7000-8000, चना दाल 7500-8000, पोहा 4000-6000 रुपए प्रति क्विंटल।

कोटा सर्राफा: चांदी-सोना तेज

कोटा। स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी-सोने के भावों में तेजी रही। 6500 रुपए तेजी के साथ 2,41,500 रुपए प्रति किलो बोली गई। जबकि जेवराती सोना 3300 रुपए तेजी के साथ भाव 1,55,500 रुपए प्रति दस ग्राम, शुद्ध सोना प्रति 10 ग्राम 1,56,300 रुपए बिका। टैक्स व अन्य खर्चे अलग। सोना 24 कैरेट (99.5) 1,55,500 रुपए, सोना 22 कैरेट 1,43,993 रुपए, सोना 20 कैरेट 1,35,285 रुपए, सोना 18 कैरेट 1,24,400 रुपए, सोना 14 कैरेट 1,08,850 रुपए प्रति दस ग्राम भाव रहे।

Tamil Nadu Power Generation Corporation Ltd

Notice Inviting Tenders (E-Tendering Process)

Specification No.	Tender Inviting Authority	Name of the Work
511	SE / P&A / MTPS	Cast Basalt lined MS pipes 406 mm OD

For details of works / Procurement / Due date of submission / Opening, viewing and downloading of e-tenders, please visit websites: **www.tangedco.gov.in, www.tntenders.gov.in, www.tenders.tn.gov.in**

DIPR/2640/Tender/2026

OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE WIRELESS

No.1, M. G. Road, Bengaluru-560001.
Phone: +91-80-22942324, Email: spwireless@ksp.gov.in

Tender No: KSP/2026-27/SE0106 **Date: 20/08/2026**

Tender Notification (Through e-procurment Portal)

Additional Director General of Police, Communication, Logistics & Modernization, Bengaluru, has invited Tender for providing human resources on outsourcing basis to perform Call Taker duties for the ERSS-112 and 1930-Cyber Crime Helpline. Estimated Bid value: **Rs.1006.75 Lakhs**. Pre-bid meeting on **29.08.2026 at 12.00 hrs,** The Last date and time for tender submission **18.09.2026, 17.00 hrs**. Further details can be obtained by visiting e-procurement portal **https://eproc.karnataka.gov.in.** For more information, please contact the above office.

Sd/- Superintendent of Police, Wireless, Bengaluru.

DIPR/CP/SHIRDI SAI/2357/2026-27

WB HINCO

Request For Proposal No. 02 of 2026-2027

R.F.P. is invited for the work "Selection of Renowned & Reputed Artist / Sculptor for Designing, Supply & Installation of 125ft. Bronze Sculpture of Dr. Syama Prasad Mookerjee at Eco Park in New Town, Kolkata." in the detailed RFP notice available on websites:- **wbtenders.gov.in** and wbhidcoltd.com & in e-tender portal. Pre-Bid meeting on 25.08.2026 at 12.00 noon. and Last date of Bid submission on 09.09.2026 upto 04.00 P.M. Details may also be available in the website **www.wbhidcoltd.com**.

General Manager (Engg)-IV
WBHIDCO

राजस्थान ग्रामीण बैंक
RAJASTHAN GRAMIN BANK

Regional Business Office Sri Ganganagar

4-B 18 Jawahar Nagar, Near Khichi Chowk, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
Phone : 70734-53933 | email : rm_sriganganagar@rgb.bank.in

Information For Locker Holders

The following locker holders are hereby informed that the locker rent has not been deposited by them as per overdue locker rent amount written against their names and the outstanding rent has not been deposited even after sending Notices by registered post to the addresses available in the branch. According to locker rent agreement terms & conditions, if the rent is not deposited according to the rules, the locker will break open by the Bank and the article kept in it will be sold for recovery of the overdue locker Rent Amount. Therefore, under mentioned locker holders advised to deposit the locker rent within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Bank be free to break open the locker, as well as the cost of this process will have to be borne by the locker holder only.

Regional Manager

The Details of locker holders are as follows:

S.No.	Branch Name (Code)	District	Locker No.	Name of Locker Holder	Address as per Bank Record	Overdue locker Rent Amt. (In Rs.)
1	Sri Ganganagar (0157)	Sri Ganga-nagar	1/4	IQBAL SINGH	303 Vinoba Basti Sri Ganganagar	8496 + Charge

GOVERNMENT OF TELANGANA

HYDERABAD METROPOLITAN WATER SUPPLY & SEWERAGE BOARD

O/o Chief General Manager (Engg), Transmission Circle, Khairatabad, Hyderabad-500004, TG.

e-PROCUREMENT TENDER NOTIFICATION

'e'-Tender No. & Date	Name of Work	Ranging (approx.)	Bid document download start date
EP No.70/ CGM(E)/ TC/T1/ TD-II/ 2026-27, dated: 21-08-2026	Manjeera Water supply scheme Ph-I and Ph-II under Government Budgetary support to HMWSSB for implementation of project in a period of two years - Refurbishment and up gradation of Manjeera Water supply duly constructing of new 232 MLD WTP with intake well and pump house laying new 1700mm dia MS pipeline from Kalabgoor WTP to Patancheru pump house under Transmission Div.II, Patancheru.	Rs. 551.07 Crores	28.08.2026 @ 04.00 PM

The Tenderers are requested to upload the information on the Zip format preferably. Further details can be seen on **www.eprocurement.gov.in.**

Sd/- Chief General Manager (Engg), Transmission Circle, Khairatabad, Hyderabad-04, TG.

NATIONAL INSTITUTE OF TECHNICAL TEACHERS TRAINING AND RESEARCH

(Deemed to be University under Distinct Category)
(Ministry of Education, Govt. of India)
SECTOR-26, CHANDIGARH-160 019

Advertisement No. 268/2026

Admission to Ph.D. Programmes Session December 2026

NITTTR Chandigarh invites online applications for admission to Ph.D. (Regular and Modular modes) Programmes for the Session December 2026 in the following departments.

Applied Science (Physics)	Curriculum Development
Civil Engineering	Information Management and Emerging Engineering
Computer Science and Engineering	Mechanical Engineering

Important Dates:

1. **Entrance Test application deadline : 13/09/2026**
2. **Entrance Test on : 20/09/2026**
3. **Ph.D. Programme admission application deadline : 11/10/2026**

Note:

- Those having currently valid score in NITTTR entrance test OR any national level tests such as GATE/NET etc. need not apply for the Entrance test schedule on 20.09.2026..
- Any addendum/corrigendum to this advertisement and/or subsequent advertisement related to Ph.D. admission shall be posted only on the NITTTR, Chandigarh website.
- For detailed information, kindly visit the institute website: **https://www.nitttrchd.ac.in/core/phd.php**

DEAN (ACADEMICS & STUDENTS)

PSPCL Punjab State Power Corporation Limited

Regd. Office: PSEB Head Office, The Mall, Patiala
(Corporate Identity Number: U40109PB2010SGC033813/Website: www.pspcl.in
(Contact number 96461 47777)

TENDER ENQUIRY NO TSQ-1186/PSPCL/TD-I

Dy. CE/TL(Design), B-1 Shakti Vihar, PSPCL, Patiala invites E-tender for carrying out survey, design, fabrication, supply, laying of foundation, erection & commissioning of 66 KV Monopole line on Turnkey basis as per detailed scope mentioned in Part-6 of tender specification no. TSQ-1186 for the following work:

Package-A: Restoration of 66KV line to M/s IISER Mohali using underground cable & 2 no. monopoles (Deposit Work of GMADA).

Package-B: Replacement of existing 66KV rail pole line from 66KV S/S Barnala to M/s Malwa Ltd. with monopoles and lattice tower.

Package-C: Construction of 66KV line (Monopole Portion only) to new 66KV S/S Power Colony Gurdaspur on monopoles.

For detailed NIT and Tender Specification please refer to https://eproc.punjab.gov.in from 24.08.2026 from 11.00 AM onwards.

Note: Corrigendum and addendum, if any will be published online at **https://eproc.punjab.gov.in**.

No.14489/PB **C-814/26**

GOVERNMENT OF ODISHA
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES
OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER, BARIPADA,
MINOR IRRIGATION CIRCLE, BARIPADA

32001/728/2627

e-Mail ID:acemicircleb@gmail.com

"e" Procurement Notice

BID IDENTIFICATION NO:- 03/BMIC, BPD/2026-27

1. **No. of work** - 01 (One)
2. **Approximate Estimated Cost:** Rs 114.53 lakh
3. **Period of completion:** 11 (Eleven) Calendar Months
4. **Date & time of Availability of Bid Document in the portal:** Dt. 21.08.2026 to Dt. 05.09.2026.
5. **Last date/Time for receipt of Bid in the portal:** Dt.05.09.2026 up to 5.00 P.M
6. **Date of Opening of Bid:** Dt. 07.09.2026 at 11.00 AM
7. **Name and Address of the Office inviting Bid:** Additional Chief Engineer, Baripada M.I. Circle, Baripada

Further details can be seen from the "e" Procurement Portal **http://tendersodisha.gov.in**

Sd/-
Additional Chief Engineer,
Baripada M.I Circle, Baripada

OIPR-32001/32490/1/26-27/0003

